प्रतिशत भाग देगा। ये बिजली रिहन्द बिजली घर के स्टैप-अप-सब-स्टेशन के अन्तिम छोर से दी जायगी। ये बिजली असली लागत और उस पर ५ प्रतिशत लगाकर दी जायगी और ये कीमत श्री एम० आर० सचदेव के सभापतित्व में एक समिति द्वारा जिसमें कि केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग के चेयरमैन और बिजली से सम्बन्धित मेम्बर भी होंगे, दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों के विचार सुनने के बाद निर्धारित की जाएगी। इस तरह निर्धारित की गयी कीमत इससे संबंधित सब को मान्य होगी और हर दस साल में एक दफा उपरोक्त तरीके से पुनरीक्षण की जायगी।

बनारस और अलीगढ विश्वविद्यालय

१९३. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री घुलेश्वर मीना :
श्रीमती सावित्री निगम : }

क्या शिक्षा मंत्री १४ अगस्त, १९६३ के तारांकित प्रश्न संख्या ४८ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साम्प्रदायिक नामों को हटाने के बारे में क्या निश्चय किया गया है; और

(ख) यदि अभी तक कोई निश्चय नहीं हो पाया है तो इस में इतनी देरी होने के क्या कारण हैं ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मन्त्री (श्री हुमायुन् कबिर) : (क) और (ख). विषय अभी भी विचाराधीन है।

सर्वे आफ इंडिया

१९४. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री घुलेश्वर मीना :
श्रीमती सावित्री निगम : }

क्या वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री २१ अगस्त, १९६३ के अतारांकित प्रश्न संख्या ६५५ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि सर्वे आफ इंडिया और नेशनल एटलस आर्गेनाइजेशन संबंधी समिति की रिपोर्ट के बारे में क्या निश्चय किया गया है ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्रालय में उपमन्त्री (डा० म० मो० दास) : रिपोर्ट की ४१ मुख्य सिफारिशों में से ९ के बारे में फैसला किया जा चुका है और उन्हें अमल में लाया जा रहा है। बाकी सिफारिशों पर विचार हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा

१९५. श्री भक्त दर्शन : क्या शिक्षा मंत्री ११ सितम्बर, १९६३ के तारांकित प्रश्न संख्या ६१० के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार को प्राथमिक शिक्षा के लिये पहिले से अधिक वित्तीय सहायता देने के बारे में क्या निश्चय किया गया है ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मन्त्री (श्री हुमायुन् कबिर) : प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए राज्य सरकारों को तुरंत सहायता की योजना के अन्तर्गत, उत्तर प्रदेश सरकार को १९६३–६४ के दौरान ५०.५७ लाख रुपये की राशि अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में नियत की गई है। कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार को इतनी ही राशि अपने साधनों से जुटानी होगी।

Excavations at Belirajgarh in Darbhanga

196. Shri Shree Narayan Das: Will the Minister of Scientific Research and